## एक नजर

### विद्युत मेंटनेंस के कारण आज विद्युत रहेगी बाधित

**इटारसी।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा इटारसी क्षेत्र के विभिन्न फीडरों पर लाइन मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। इस आवश्यक सुधार कार्य की वजह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई हिस्सों में 27 और 28 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक धौखेड़ा ब्यावरा और आई.टी.सी. आउटगोइंग फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसी प्रकार, रविवार 28 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक इटारसी-1 और इटारसी-2 फीडर के अंतर्गत आने वाले इलाकों जैसे पीपल मोहल्ला, ट्रैक्टर स्कीम, बूढ़ी माता, न्यास कॉलोनी और ग्रैंड एवेन्यू में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इस कटौती से संबंधित क्षेत्रों के सभी घरेलू उपभोक्ता, कृषि पंप और उच्चदाब कनेक्शन प्रभावित होंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से इस असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है और सुझाव दिया है कि बिजली से जुड़े अपने महत्वपूर्ण कार्य कटौती के समय को ध्यान में रखते हुए पूर्व में ही निपटा लें।

# थाने में हो रहा है अवैध लेन-देन : कांग्रेस

## शहर में जुआ, सटटा, अवैध शराब, गांजा जैसी अवैध गतिविधियों का बेखौफ हो रहा संचालन

**सिवनी मालवा 27 दिसम्बर 2025,** सिवनी मालवा थाने में होने वाले कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने एवं आमजन की शिकायतों के निराकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष स्वदेश शर्मा के नेतृत्व में गृहमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सोंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि सिवनी मालवा थाने में अवैध लेन-देन किया जाता है। जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा जैसे अवैध गतिविधियों क संचालन बेखोफ चल रहा है।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष स्वदेश शर्मा एवं युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष हरीसन स्वामी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि थाने में उचित मूल्य की दुकान की तरह किये जाने वाले कार्यों के मूल्य की सूती चस्पा की जाए। थाने की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए। थाने में किए जाने वाले सभी वैधानिक कार्यों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू हो। आम नागरिकों की शिकायतों के लिए जवाबदेही तय की जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति शोषण का शिकार न हो। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य




किसी व्यक्ति विशेष को आरोपित करना नहीं, बल्कि पुलिस व्यवस्था में पारवर्शिता, जवाबदेही एवं आमजन का विश्वास बहाल करना है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में आम नागरिकों के बीच यह गंभीर चर्चा एवं शिकायत लगातार सामने आ रही है कि जबसे नवागत थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया है, शिकायतकर्ता एवं आरोपियों से विभिन्न मामलों में अवैध रूप से धन का लेन-देन किया जा रहा है जिससे आमजन अत्यधिक परेशान और भयभीत है। आम नागरिकों का कहना है कि थाना स्तर पर पारदर्शिता के अभाव के कारण जगर में जुआ, सट्टा, अवैध शराब एवं गांजा जैसे अवैध गतिविधियों का संचालन खुलेआम हो रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके कारण न केवल सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है, बल्कि आम नागरिकों का पुलिस व्यवस्था से विश्वास भी कमजोर हो रहा है।

### चौपाटी हटाने का दुकानदारों ने विरोध किया नगर पालिका द्वारा मनमर्जी की जा रही

नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा चौपाटी पर ठेला लगाने वाले दुकानदारों को न हटाने एवं चौपाटी पर हो रहे दुकान निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर दुकानदारों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अनेक दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा मनमर्जी की जारही है। हम सभी दुकानदार अत्यंत सीमित साधनों से अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। हमारी आजीविका को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाये। यदि नपा द्वारा दुकान निर्माण किया जाना आवश्यक हो, तो चौपाटी पर वर्तमान में ठेला लगाने वाले दुकानदारों को प्रार्थमिकता के आधार पर लागत मूल्य पर दुकानें आवंटित की जाएं। हम सभी ठेला एवं खान-पान दुकान संचालक नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित चौपाटी परिसर में विगत कई वर्षों से व्यवस्थित रूप से ठेला एवं दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

# प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 27 दिसम्बर** शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में शनिवार को दसवें पातिशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारे को फूलों और रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। गुरुद्वारे के ज्ञानी सुजीत सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में अलसुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह श्री सहज पाठ साहिब के भोग के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। सुबह 9:45 बजे गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत किया। इसके बाद इटारसी के भाई अजीत सिंह हजूरी रागी जत्थे ने संगत को निहाल किया। दोपहर से सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ से आए भाई सुरजीत सिंह खालसा के हजूरी रागी जत्थे ने विशेष कीर्तन और गुरुबाणी का गायन किया, जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दोपहर से गुरु का अटूट लंगर प्रारंभ हुआ।

इसमें सिख समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। लंगर सेवा में संगत के सेवादारों ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया। शाम के सत्र में भी कीर्तन दरबार सजाया गया। शाम 6:45 बजे रहिरास साहिब के पाठ के बाद स्त्री सत्संग और स्थानीय रागी जत्थों ने कीर्तन किया। रात्रि में पुनः नांदेड़ साहिब के रागी जत्थे द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

# महेश टीसी ने एक करोड़ वसूलकर बनाया रिकार्ड



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 27 दिसम्बर** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में टिकट चेकिंग के क्षेत्र में एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित हुआ है जिसने पूरे रेल प्रशासन को गौरवान्वित कर दिया है। इटारसी डिपो में पदस्थ उप मुख्य टिकट निरीक्षक महेश लिंगायत ने वर्ष 2025 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों से एक करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल कर इतिहास रच दिया है।

**पमरे के पहले वन करोड़ क्लब सदस्य** - वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के कुशल निर्देशन में कार्यरत श्री लिंगायत ने 1 जनवरी 2025 से 26 दिसंबर 2025 के बीच कुल 14,195 मामलों से 1,00,96,705 रुपए का राजस्व अर्जित किया। इस आंकड़े के साथ वे पश्चिम मध्य रेलवे के ऐसे पहले टिकट जांच कर्मचारी बन गए हैं जिन्होंने एक ही कैलेंडर वर्ष में एक करोड़ का आंकड़ा पार किया है।

**कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल** - वर्ष 2014 से टिकट जांच स्टाफ के रूप में सेवाएं दे रहे महेश लिंगायत अपनी अनुकरणीय कार्यशैली के लिए विभाग में पहले से ही चर्चित रहे हैं। उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर भोपाल मंडल प्रशासन ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

**क्यों खास है यह उपलब्धि** - ऐतिहासिक राजस्व - एक ही वर्ष में 1 करोड़ से अधिक का जुर्माना जमा करना किसी एक कर्मचारी के लिए बड़ी चुनौती होती है।

**अनुशासन का संदेश** यह उपलब्धि न केवल राजस्व से जुड़ी है, बल्कि रेल यात्रियों के बीच उचित टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का कड़ा संदेश भी देती है। उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि पर इटारसी डिपो सहित पूरे भोपाल मंडल में हर्ष का माहौल है।

## श्रीधाम में नर्मदापुरम वॉलीबॉल की टीम पहुंची

**नर्मदापुरम.** इटारसी मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ द्वारा आयोजित 72वीं राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग की महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता नरसिंहपुर जिले के श्रीधाम में 27 दिसंबर से आयोजित हो रही है. प्रतियोगिता में नर्मदा पुरम जिले से सोमेश मिश्रा पीयूष आयुष मस्कर कपिल जाट का चयन हुआ है. जबकि महिला वर्ग में पूनम मंसूरिया अंजलि गोहीया पूनम केवट खुशी मंसूरिया कविता शर्मा इशाना खान तवा नगर अनुकृति तनु शर्मा जानकी मांझी नर्मदा पुरम का चयन हुआ है। वालीबॉल संघ अध्यक्ष भगवती चौरे सचिव आशुतोष तिवारी जिला उपाध्यक्ष एवम् क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान कोच बख्तावर खान ने खिलाड़ियों को बधाई दी.

### सांदीपनि शा.आरएनए स्कूल में वीरबाल दिवस मनाया

**पिपरिया** सांदीपनि आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय में वीरबाल दिवस के अवसर पर स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान का आयोजन किया गया। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प दिलाया गया.

## छत विहीन पेशाबघर में साफ सफाई का अभाव

**पिपरिया** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला झील पिपरिया मे 28 विद्यार्थियों में 19 की उपस्थिति दर्ज थी तो 15 उपस्थित मिले। एकीकृत मा.शाला झील पिपरिया में शुक्रवार को शाम 4.15 पर स्कूल प्रांगण में कुछ बच्चे खेलते हुए मिले। स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक 20 विद्यार्थी दर्ज है जिसमें 13 विद्यार्थियों की उपस्थित बताई गई। वही कक्षा 6 से 8 तक 8 विद्यार्थी दर्ज है जिसमें 6 विद्यार्थी की उपस्थिति बताई गई जबकि स्कूल प्रांगण में 15 विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रधान पाठक अभिलाषा भल्लावी, पूनम भनोत्रा, नेहा अग्रवाल व कैलाश पटेल उपस्थित मिले वही शिक्षक राजेन्द्र पटेल एसआईआर ड्यूटी में गये है।

# रेलवे स्टेशन पर सांसद, विधायक का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 27 दिसम्बर** बनखेड़ी रेलवे स्टेशन पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। सांसद ने मौके पर चल रहे कार्यों को देखा और उपस्थित रेलवे अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने एवं समुचित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 पर टीन शेड के विस्तार, दोनों प्लेटफॉर्म पर शौचालय निर्माण, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों प्लेटफॉर्म पर टिकट घर बनाए जाने की भी बात कही गई। अमरकंटक एक्सप्रेस के आवागमन समय में परिवर्तन से बनखेड़ी क्षेत्र के यात्रियों को होने वाली संभावित परेशानी को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि समय परिवर्तन से उत्पन्न समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके विकल्प के रूप में अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज का भी प्लान प्रस्तावित है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नानी बाई रा मायरो कथा आयोजन संपन्न

**इटारसी।** नगर में विगत दिनों मालपानी परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई रा मायरो कथा का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कथा आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए की गई बेहतर व्यवस्थाओं और धार्मिक आयोजन की सफलता को लेकर माहेश्वरी समाज इटारसी द्वारा विजय मालपानी एवं प्रदीप मालपानी का उनके निवास स्थल पर सम्मान किया गया।

# विशाल इनामी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आज

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 27 दिसम्बर** विशाल बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता जेवल्या कृषि फार्म फोर लाइन रोड हरदा में आज 28 दिसंबर रविवार को आयोजित की जाएगी। दौड़ प्रेमी विजय जेवल्या ने बताया कि ठेकेदार ग्रुप हरदा द्वारा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें पहला ईनाम 51000 धीरज डूडी द्वारा दिया जाएगा, दूसरा ईनाम 31000रिंकू जैन और रामनिवास शर्मा द्वारा दिया जाएगा, तीसरा ईनाम 21000 परसराम पटेल और राजा शर्मा द्वारा दिया जाएगा, चौथा ईनाम 11000 रुपए रिंकू गौर द्वारा दिया जाएगा प्रतियोगिता में एंट्री फीस 3500रूपये रखी गई है प्रतियोगिता में 3 बैलगाड़ी 1साथ दौड़ेगी प्रतियोगिता में अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा, संजय शाह, भारती राजू कमेडिया, उदघाटन कर्ता प्रहलाद पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष, संदीप पटेल रहेंगे, ईनाम वितरण में कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन एवं एस पी शशांक उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक शिवरतन पप्पू पटेल सत्यनारायण बाबल टेमलाबाडी रहेंगे, विशील मास्टर श्याम भाई नकतरा खापा रहेंगे, संचालन कन्हैया पटेल, सुनील गोलिया करेंगे. समिति ने सभी आम नागरिकों को आमंत्रित किया

# शिव परिवार जीवन में प्रेम, त्याग का संदेश देता है




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 27 दिसम्बर** सरस्वती सेवा समिति एवं गृहलक्ष्मी महिला मंडल, वार्ड क्रमांक 22, इटारसी द्वारा आयोजित श्री शिवपुराण कथा के पाँचवे दिन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा का वाचन कथावाचक पं. देवेंद्र दुबे जी (इटारसी) के श्रीमुख से हुआ. कथा में भगवान शिव एवं माता पार्वती के आदर्श दाम्पत्य जीवन, भगवान गणेश के जन्म एवं प्रथम पूज्य बनने का प्रसंग, तथा भगवान कार्तिकेय (स्कंद) के जन्म, शौर्य और देवसेनापति बनने की कथा सुनाई गई। कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव केवल वैराग्य के प्रतीक नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठ, करुणामय एवं आदर्श गृहस्थ भी हैं। शिव परिवार मानव जीवन को प्रेम, त्याग, अनुशासन और धर्म का संदेश देता है। पाँचवे दिन की कथा में डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक, तथा पंकज चौरे, नपा अध्यक्ष, की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने व्यासपीठ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. आज के दिन मुख्य यजमान के रूप में वार्ड निवासी अनिरुद्ध दुबे ने सपत्नीक विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न शिवाभिषेक से संपूर्ण पंडाल भक्तिमय हो उठा।

## शैक्षिक संवाद का कार्यक्रम

**इटारसी.** एकीकृत माध्यमिक शाला स्टेशन गंज इटारसी में शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें सहज करता रामभरोस यादव एवं जितेंद्र शर्मा तथा सह सहज करता श्रीमती जागृति तिवारी एवं श्रीमती पूजा सोलंकी ने जन शिक्षा केंद्र स्तर शैक्षिक संवाद मेंभाग लिया कक्षा तीन से पांच एवं कक्षा 6 से 8 के माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के शिक्षकों को शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें माध्यमिक शाला विषय वस्तु पुनरावलोकन एवं समेकन तथा तीन से पांच के लिए प्रभावी लेखन कार्य पर चर्चा की गई एवं जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाली सभी शालाओं के शिक्षक उपस्थित रहे.

# साधु, संतों का अपमान भारी पड़ता है -राधा देवी




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 27 दिसम्बर** श्री वृंदावन गार्डन इटारसी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गोवर्धन ब्रजभूमि से पधारी साध्वी राधा देवी ने राजा परीक्षित का चरित्र सुनाते हुए कहा कि परीक्षित को संत श्राप से सर्प ने डस लिया और सर्प डसने से उनकी मृत्यु हुई। साध्वी जी ने कहा कि भूल से भी साधु संतों का अपमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि साधु अपराध पर भगवान को भी क्षमा नहीं करते। फिर तो कोई सिद्ध संत ही कुछ रास्ता निकाल सकते हैं। राजा परीक्षित बहुत बड़े धर्मात्मा और भगवान के परम भक्त होते हुए भी संत श्राप से नहीं बच पाए। एक बार परीक्षित जी वन भ्रमण को निकले उन्हें वहां प्यास लगी तो राजा समीक मुनि के आश्रम में पहुंचे वहां मुनि ध्यान में बैठे थे। राजा का किसी ने सत्कार नहीं किया। कलियुग के प्रभाव से राजा को क्रोध आया और राजा ने समिक मुनि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया और वहां से महल की ओर चले गए। उधर जब समिक मुनि के पुत्र श्रृंगी जो बड़े तपस्वी युवा अवस्था थे उन्होंने सब कुछ आश्रम के बारे में जाना तो उन्होंने तुरंत राजा को श्राप दे दिया कि यही सर्प आज से सातवें दिन राजा को डस लेगा और राजा की मृत्यु हो जाएगी। जब समिक मुनि को पता चला तो मुनि को बहुत कष्ट हुआ कि राजा तो बहुत धर्मात्मा है उन पर तो सोने का मुकुट पहनने के कारण कलियुग का प्रभाव था।

## कैदियों की सहायता योजना में 04 बंदी रिहा

**नर्मदापुरम** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति द्वारा केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में आर्थिक रूप से कमजोर परिरुद्ध बंदी जिनके द्वारा मूल सजा पूर्ण करने के उपरांत जुर्माना की राशि अदा न करने के अथवा विधिक सहायता के माध्यम से जमानत आदेश होने के बाद भी जमानत राशि भरने में असक्षम होने पर ऐसे बंदियों को गरीब कैदियों हेतु सहायता योजना अंतर्गत बंदियों को रिहा किया.

**क्षमता विकास कार्यक्रम** | **समेरिटन्स विद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

# शिक्षक को पहले बच्चे की मनोदशा को समझना चाहिए

> कई बार उनकी वास्तविक परिस्थिति को समझे बिना या जानकारी के अभाव में हम बच्चों को दंडित कर देते हैं, यह उचित नहीं है।




**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 27 दिसम्बर** सीबीएसई के क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत शनिवार को समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन सुरभि भंडारी, पल्लवी पारे चौकसे ने शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को पहले बच्चों को मनोदशा को समझना चाहिए, इसके बाद उन्हें शिक्षा देने का काम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय या कक्षा के सभी विद्यार्थी अलग अलग पृष्ठभूमि, वातावरण और परिस्थितियों से आते हैं। कई बार उनकी वास्तविक परिस्थिति को समझे बिना या जानकारी के अभाव में हम बच्चों को दंडित कर देते हैं। यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चे द्वारा होमवर्क नहींकरने या किसी भी प्रकार की शरारत करने पर हमें पहले उसकी परिस्थिति को समझने का प्रयास करना। चाहिए कि आखिर बच्चा ऐसा क्यों कर रहा है। उसके बाद उसकी समस्या का निकाराकण कारण चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को कभी भी किसी के सामने डांट फटकार नहीं लगानी चाहिए इससे कई बार बच्चा हीन भावना का शिकार हो जाता है। उसे डांटने की बजाय उसकी परेशानी को समझकर उसे समझाना चाहिए तभी इसमें सुधार संभव है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान कई गतिविधियां भी कराई गईं। आरम्भ ने विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद हरदा जिला हरदा म प्र

Email- cmoharda@mpurban.gov.in | Conn- 07577222238

https://nagarpalikaharda.org | Toll Free No - 18002331353

क्रं./911/लोनि/2025 | हरदा दि. 26.12.2025

**प्ररूप - 28**
**(नियम 91(1)(बी)(ii)**
**ई नगरपालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
**मध्यप्रदेश शासन**
**नगरपालिका का नाम - नगरपालिका परिषद हरदा**

एनआईटी संख्या - 9084 /ई -टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण /आपूर्ति /सेवाओं के लिये निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों कंसल्टेंटस और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है -

| क्र सं पैकेज | निर्माण कार्य /आपूर्तियों /सेवाएं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि ( माह) |
|---|---|---|---|---|
| 1. 2025_UAD_ 470828_1 | कायाकल्प 1.0 अंतर्गत निर्मित विभिन्न बिटूमिन रोड मरम्मत कार्य. | हरदा | 15.88 लाख रू | 2 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता WWW.mptenders.gov.in बेवसाईट पर एनआईटी देख सकता है.
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर दिनांक 26.12.2025 समय 10.00 AM से 27.01.2026 समय 05.30 PM बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं.
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल बेवसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नही.
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे, उपयंत्री मो न. 9425044254 पर संपर्क करें.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद हरदा

अंशुल आलोक गोयल
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद हरदा

भारती राजू कमेडिया
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद हरदा



## न्यायालय तहसीलदार तहसील टिमरनी जिला हरदा (म.प्र.)

रा.प्र.क्र./0632/अ-6/2025-2026
ग्राम - खिड़की

**//विज्ञप्ति//**

समस्त आम जनता मौजा खिडकी को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता रामजी शांडिल्य जाति ब्राह्मण, अखिलेश आ. श्रीराम जाति ब्राह्मण दोनों निवासी टेमलाबाड़ीमाल तहसील खिरकिया जिला हरदा, द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि मौजा खिडकी प.ह.नं. 23 तहसील टिमरनी, जिला हरदा स्थित भूमि खसरा नंबर 153/1, 166/4 योग रकबा 2.055 हैं. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में श्रीराम पिता बिहारीलाल जाति ब्राह्मण के नाम से दर्ज है। भूमिस्वामी खातेदार श्रीराम आ. बिहारीलाल जाति ब्राह्मण का दिनांक 24.10.2025 को स्वर्गवास हो गया है। भूमिस्वामी खातेदार श्रीराम आ. बिहारीलाल जाति ब्राह्मण द्वारा अपने जीवन काल में अपने स्वस्थ अवस्था में उपरोक्त वर्णित भूमि का अपने पुत्र क्रमशः कृष्ण कुमार, अखिलेश आ. श्रीराम जाति ब्राहमण के पक्ष में एक वसीयतनामा 31 अक्टूम्बर 2013 को उपपंजीयन कार्यालय हरदा में निष्पादित किया गया है। आवदेकगण द्वारा उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी हर आम व खास व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 31.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। म्याद गुजर जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 22.12.2025
पेशी दिनांक 31.12.2025

अतः आज दिनांक 22.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**टिमरनी, जिला हरदा, म.प्र.**